

# अपने विचार प्रकट करें

## पैरामाटा सी.बी.डी. पार्किंग कार्यनीति (Parramatta CBD Parking Strategy) का ड्राफ्ट

CITY OF PARRAMATTA

"Parramatta सिडनी की केन्द्रीय सिटी (Sydney's Central City) के रूप में विकास कर रही है – सेवाओं और बुनियादी संरचनाओं का एक कार्यनीतिक केन्द्र जो पूरे Western Sydney Region के लिए रोज़गार और विकास का संचालन करेगा। City of Parramatta सामुदायिक कार्यनीतिक योजना (Community Strategic Plan) 2018–2038."

**City of Parramatta Council पैरामाटा सी.बी.डी. पार्किंग कार्यनीति (Parramatta CBD Parking Strategy) ("पार्किंग कार्यनीति [Parking Strategy]") के ड्राफ्ट पर फीडबैक दिए जाने का निमंत्रण दे रही है। यह सारांश दस्तावेज़ पार्किंग कार्यनीति (Parking Strategy) के मुख्य अंशों का विवरण देने में मदद देता है। इसमें Parramatta की CBD में होने वाले महत्वपूर्ण विकास और बदलाव के फलस्वरूप होने वाली सिटी की पार्किंग आवश्यकताओं पर ध्यान देने के लिए एक कार्यनीतिक विधि शामिल है।**



# Parramatta वर्तमान और भविष्य में

Parramatta तेज़ी से विकास कर रही है। 2011 से 2016 तक, जनगणना के आंकड़े दर्शाते हैं कि सिटी की जनसंख्या में 32,130 (16.6%) लोगों की वृद्धि हुई है। यह इस अवधि के दौरान प्रति वर्ष 3.11% का औसतन वार्षिक जनसंख्या बदलाव दर्शाता है। आने वाले पांच वर्षों में, Parramatta की बुनियादी संरचना और विकास में $20 बिलियन राशि का निवेश किया जाएगा, जिससे Parramatta के परिसरों में असाधारण वृद्धि होगी, जिसके फलस्वरूप स्थान और स्थल और बढ़ेंगे। सिटी के चारों ओर, Parramatta के परिसर कर्मचारियों, निवासियों, विद्यार्थियों और आगंतुकों के लिए एक विविध और संपन्न अनुभव का निर्माण कर रहे हैं।

हालाँकि यह वृद्धि परिवर्तनकारी भी होगी और इसके सिटी के लिए लंबे समय तक रहने वाले लाभ भी होंगे, पर यह चुनौतियाँ भी प्रस्तुत करती है। काउंसिल द्वारा आयोजित मॉडलिंग के द्वारा (कोविड के कारण 2019 का आधार वर्ष के रूप में प्रयोग करके), घातीय वृद्धि के दबाव का अर्थ है "कुछ भी न करने" की विधि अपनाने से भविष्य के वर्षों में सी.बी.डी. में कार पार्किंग की कमी होगी। सी.बी.डी. की अनुमानित वृद्धि के साथ-साथ पार्किंग में कमी के प्रभाव का अर्थ है कि कुछ भी न करने के विकल्प में 2019 के स्तर की पार्किंग को बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पांच विशाल बहु-मंजिला कार पार्क (multi-level car parks) को 2024/25 तक प्रदान किए जाने की ज़रूरत होगी। पैरामाटा सी.बी.डी. पार्किंग कार्यनीति (Parramatta CBD parking strategy) का उद्देश्य इस कमी पर लघु, मध्यम और लंबी अवधि की कार्यनीतियों के माध्यम से ध्यान देना है।

# वर्तमान में Parramatta CBD में पार्किंग करना

Parramatta CBD के भीतर सार्वजनिक तौर पर सुलभ पार्किंग के चार प्रदाता हैं। इनमें शामिल हैं:

1. **City of Parramatta Council के स्वामित्व वाली बहु-मंज़िला कार पार्क (multi-level car parks) (MLCP)**
2. **City of Parramatta Council की ऑन-स्ट्रीट मीटरयुक्त पार्किंग (on-street metered parking)**
3. **Westfield Parramatta**
4. **अन्य 21 स्थानों में अन्य निजी स्वामित्व वाली कार पार्क जो सामान्य जन को पार्किंग की पेशकश करती हैं।**


City of Parramatta Council सिटी सेंटर और North Parramatta में सशुल्क टिकट पार्किंग का संचालन करती है ताकि विज़िटरों को पार्किंग के स्थान खोजने तथा स्थानीय व्यापारों के अधिक संरक्षण में मदद दी जा सके।

वर्तमान में, पूरे पैरामाटा स्थानीय सरकारी क्षेत्र (Parramatta Local Government Area) में करीब 5200 ऑन तथा ऑफ-स्ट्रीट पार्किंग स्थान मौजूद हैं (काउंसिल के मैनेजमेंट के अधीन)। अलग-अलग ऑन-स्ट्रीट पार्किंग विकल्पों के अलावा, चार मुख्य MLCPs हैं:

- **Eat Street**
- **City Centre***
- **Parramatta Station**
- **Justice Precinct**

यह ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि Riverbank car park फरवरी 2021 में बंद हो गया था ताकि Parramatta Powerhouse का निर्माण किया जा सके। इसके अलावा, न्यू साउथ वेल्स सरकार के Sydney Metro West रेल नेटवर्क का निर्माण किए जाने के लिए *City Centre car park 30 सितम्बर 2021 को बंद कर दिया जाएगा।






## सी.बी.डी. के कार पार्क

- Justice Precinct (Hunter Street) (दैनिक रेट $18)
- Parramatta Station Car Park (Wentworth Avenue) (दैनिक रेट $14)
- Horwood Place द्वारा पहुँच प्राप्त किए जाने वाला Eat Street Car Park (दैनिक रेट $21)
- Horwood Place द्वारा पहुँच प्राप्त किए जाने वाला City Centre Car Park (दैनिक रेट $21)
  यह कार पार्क Sydney Metro West के निर्माण के लिए 30 सितम्बर 2021 को बंद हो जाएगा।

# पैरामाटा सी.बी.डी. पार्किंग कार्यनीति (Parramatta CBD parking strategy) के ड्राफ्ट के मुख्य उद्देश्य

City of Parramatta Council ने एक ऐसी कार्यनीति विकसित की है जो बहु-आयामी है। यह वर्तमान और भविष्य में Parramatta CBD में पार्किंग के प्रावधान का समर्थन करने के लिए विकल्पों के संयोजन का सुझाव देती है।

ड्राफ्ट कार्यनीति निम्नलिखित उद्देश्यों की प्राप्ति पर ध्यान केन्द्रित करती है:

### 1. काउंसिल के Integrated Transport Plan (मौजूदा स्थिति और भविष्य के निर्देश, सितम्बर 2020) का समर्थन करना, विशेष तौर पर परिवहन के तरीकों में बदलाव के लिए एक संतुलित विधि (जैसे कि गाड़ी चलाने से लेकर साइकिल चलाना)।

#### इसका क्या अर्थ है?

- पार्किंग के लिए संपूर्ण सी.बी.डी विधि को अपनाना ताकि सिटी-व्यापक संसाधन के तौर पर निजी और सार्वजनिक पार्किंग के कुशल और प्रभावी प्रयोग को समझा और प्रभावित किया जा सके;
- इष्टतम पार्किंग क्षमता और मूल्य निर्धारण रणनीति का विकास करना जो यथोचित उपलब्धता का समर्थन करती हो, प्रायिकता बदलाव को प्रोत्साहन देती हो और काउंसिल की पार्किंग संरचना के प्रयोग के उच्चतम स्तर का संचालन करती हो;
- यदि आवश्यक हो तो निजी पार्किंग संपत्तियों के मालिकों के साथ सहभागिता के द्वारा क्षमता को बढ़ाना जहाँ अतिरिक्त मांग को समायोजित किया जा सके।

### 2. एक रहने योग्य, उत्पादक, सुस्थिर और अग्रणी सिटी का निर्माण करने के लिए काउंसिल के लक्ष्य और प्राथमिकताओं का समर्थन करना।

#### इसका क्या अर्थ है?

- ऐसी टेक्नोलॉजी और ऐप्लीकेशन्स अपनाना जो मौजूदा पार्किंग बुनियादी संरचना की नवप्रवर्तनशीलता और सर्वोत्तम अभ्यास प्रबंधन को सुगम बनाते हों;
- विज़िटर अर्थ-व्यवस्था, स्थानीय रिटेल और सेवा उद्योगों का समर्थन करने के लिए छोटी अवधि की पार्किंग की पर्याप्त उपलब्धता को सुनिश्चित करना।

### 3. काउंसिल की बहु-मंज़िला कार पार्क (multi-level car parks) में संपूर्ण ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाना।

#### इसका क्या अर्थ है?

- काउंसिल की बहु-मंज़िला कार पार्क (multi-level car parks) में कार्यक्षमता, सौंदर्यशास्त्र और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पूँजीनिर्माण कार्यक्रम विकसित करना।

### 4. सार्वजनिक पार्किंग से जुड़े विचारों के प्रबंधन और प्रावधान के लिए सर्वोत्तम अभ्यास दृष्टिकोण अपनाना।

#### इसका क्या अर्थ है?

- सार्वजनिक पार्किंग आपूर्ति और लागत को अन्य मुख्य उपनगरीय Sydney CBDs के साथ न्यूनतम मानदण्ड तय करना;
- सार्वजनिक पार्किंग में नवप्रवर्तनशील प्रबंधन के वर्तमान वैश्विक रूझानों को समझना और उन गतिविधियों को अपनाना जो सिटी को लाभ पहुँचाएंगी और स्थानीय संदर्भ में उचित होंगी।

### 5. काउंसिल पार्किंग की बुनियादी संरचना के प्रयोग को अधिक से अधिक करना।

#### इसका क्या अर्थ है?

- स्मार्ट पार्किंग टेक्नोलॉजी की शुरूआत करके काउंसिल की बहु-मंज़िला कार पार्क (multi-level car parks) के प्रयोग और अधियोग स्तर को को बढ़ाना।

# मुख्य सुझाव

पैरामाटा सी.बी.डी. पार्किंग कार्यनीति (Parramatta CBD parking strategy) का ड्राफ्ट Parramatta CBD में पार्किंग के प्रावधान का समर्थन करने के लिए लघु, मध्यम और लंबी अवधि के विकल्पों के संयोजन, तथा साथ ही कई प्रकार के नवप्रवर्तनशील समाधानों का सुझाव देता है।

इनमें शामिल हैं:

## छोटी अवधि (12 महीनों में)

- **स्मार्ट पार्किंग टेक्नोलॉजी (Smart Parking technology) के लिए रूचि-प्रकटन (Expression of Interest) की शुरूआत करना**
- **विज़िटरों के लिए पार्किंग खोजना अधिक आसान बनाने के लिए सी.बी.डी के निर्देशात्मक पार्किंग संकेतकों को बदलना और अपडेट करना**
- **मुख्य निजी पार्किंग मालिकों के साथ प्रगति चर्चाएँ करना ताकि किसी खाली पार्किंग क्षमता की पहचान की जा सके जिसका प्रयोग बहुतायत विकल्प के तौर पर किया जा सके; और सी.बी.डी. के बाहर द्वितीयक स्थलों की जांच करना जो पूरक पार्किंग प्रदान कर सकें**
- **Eat Street car park को केवल विज़िटर (छोटी अवधि) पार्किंग में बदलना (4 घंटे से कम की); ताकि करीबी Eat Street के रिटेलरों और विज़िटरों के लिए पार्किंग तक अधिक सुलभता प्रदान की जा सके।**


## औसतन अवधि (12 महीनों से लेकर 2 साल)

- **क्रमिक विधि के साथ, सिटी की सीमाओं के साथ-साथ ऑन-स्ट्रीट मीटरयुक्त पार्किंग (on-street metered parking) को बढ़ाना ताकि अतिरिक्त पूरे दिन की पॉर्किंग क्षमता का निर्माण किया जा सके**
- **उपयोग, कार्यक्षमता और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए Eat Street, Parramatta Station और Justice Precinct में पूंजी का पुन:निवेश करना। इसमें प्रत्येक सी.बी.डी. कार पार्क में बिजली से चलने वाली गाड़ी के चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करना शामिल है**
- **Eat Street, Parramatta Station और Justice Precinct के अनावृत ऊपरी डैकों पर छायादार संरचनाएँ स्थापित करना, ताकि इन स्थानों का अधिक से अधिक प्रयोग हो सके। ऊर्जा खपत को बेहतर बनाने के लिए प्रत्येक बहु-मंज़िला कार पार्क (multi-level car parks) पर छायादार संरचनाओं में फोटोवोल्टिक सेल (सौर पैनल) स्थापित करना**
- **पूरे कार पार्कों में मांग-आधारित कीमतों के लाभों की जांच करना**
- **लंबी अवधि की पार्किंग की कीमत की संरचना को पुन:संरेखित करना, जिससे यह अन्य मुख्य उपनगरीय सी.बी.डी के साथ सुसंगत हो।**

## लंबी अवधि (2 साल से अधिक)

- **जन पार्किंग सहित एक वाणिज्यिक विकास के तौर पर पुराने Fennell Street कार पार्क स्थल के पुन:विकास के लिए व्यवहार्यता अध्ययन का विकास करना।**

हम समुदाय को आमंत्रित करते हैं कि वे पैरामाटा सी.बी.डी. कार पार्क कार्यनीति (Parramatta CBD car park strategy) के ड्राफ्ट के उद्देश्यों और सुझावों पर अपना फीडबैक दें। हम समुदाय को प्रोत्साहित करते हैं कि वे ड्राफ्ट कार्यनीति की समीक्षा करें और बताएँ कि क्या वे प्रस्तावित कार्यवाहियों का समर्थन करते हैं।




## लेजेंड

इसमें शामिल है

- पार्किंग मीटर – मानक
- पार्किंग मीटर – 15 मिनट मुफ़्त
- बस ज़ोन
- स्कूल ज़ोन

पूरे दिन की पार्किंग क्षमता बढ़ाने के लिए सिटी की सीमाओं पर ऑन-स्ट्रीट मीटर्ड पार्किंग का प्रस्ताव। पहचाना गया क्षेत्र ग्रेट वेस्टर्न हाईवे, पिट स्ट्रीट, लैंसडाउन स्ट्रीट और चर्च स्ट्रीट पैरामिट्टा से घिरा हुआ है

# अपने विचार प्रकट करें

पैरामाटा सी.बी.डी. कार पार्क कार्यनीति (Parramatta CBD car park strategy) का ड्राफ्ट और सहायक जानकारी 23 अगस्त 2021 सोमवार सुबह 9 बजे से 22 सितंबर बुधवार शाम 4 बजे तक जन प्रदर्शनी पर होगी और इसे निम्नलिखित पर देखा जा सकता है:

- काउंसिल की वेबसाइट
  **participate.cityofparramatta.nsw.gov.au/cbd-parking**

## प्रदर्शनी अवधि के दौरान लिखित सब्मीशन इस माध्यम से किए जा सकते हैं:

- काउंसिल की वेबसाइट
  **participate.cityofparramatta.nsw.gov.au/cbd-parking**
- ई-मेल: **parraparking@cityofparramatta.nsw.gov.au**
- डाक: **City of Parramatta Council**
  **Property, Security, Assets & Services Team**
  **PO Box 32 Parramatta NSW 2124**

**सभी सब्मीशन बुधवार 22 सितम्बर 2021 शाम 4 बजे तक मिल जाने चाहिए।**

CITY OF PARRAMATTA